भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 1431

गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत पर्यटन परियोजनाएं**

**1431 श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन, प्रसाद या अन्य केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ख) इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है, जो पूरी हो चुकी हैं, चल रही हैं या विलंबित हैं, यदि कोई विलंब है, तो विलम्ब के क्या कारण है;

(ग) महाराष्ट्र में प्रत्येक योजना के अंतर्गत जिला-वार संवितरित और उपयोग की गई केंद्रीय सहायता कितनी है;

(घ) क्या राज्य सरकार ने विरासत सर्किट या पारिस्थितिकी पर्यटन के लिए नई परियोजनाओं का अनुरोध किया है; और

(ङ) मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र में लोनार, सिंधुदुर्ग, और मांगी-तुंगी जैसे कम प्रसिद्ध स्थलों को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना, 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)' के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होना एक सतत प्रक्रिया है। परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने पर विचार, इस संबंध में जारी निर्देशों और योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्राप्ति, निधियों की उपलब्धता, निर्धारित मानदंडों, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के आधार पर किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने अपनी 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक पहल के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में जिला-वार निधियां जारी नहीं करता है। महाराष्ट्र राज्य में पिछले पाँच वर्षों में एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसीए और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

पर्यटन मंत्रालय अपने चालू संवर्धनात्मक कार्यकलापों के अंतर्गत, महाराष्ट्र के अल्पज्ञात स्थलों सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का सोशल मीडिया, प्रचार संबंधी वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाज़ारों में नियमित रूप से संवर्धन करता है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल द्वारा महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1431 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए अधिकृत राशि** | **भौतिक रूप से पूर्णता की स्थिति (जारी/पूर्ण)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | पूने | शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क - चरण 3 | 76.22 | 7.62 | जारी |

**महाराष्ट्र राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए अधिकृत राशि** | **भौतिक रूप से पूर्णता की स्थिति (जारी/पूर्ण)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | 25.00 | 2.50 | जारी |

**महाराष्ट्र राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **उपयोग के लिए जारी राशि** | **भौतिक रूप से पूर्णता की स्थिति (जारी/पूर्ण)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 | 30.96 | जारी |
| 2. | 2024-25 | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 99.14 | 65.43 | जारी |

**महाराष्ट्र राज्य में केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा:**

**(राशि लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृति तिथि** | **स्वीकृत लागत** | **प्राधिकृत जारी/राशि** | **उपयोग की गई राशि** | **भौतिक रूप से पूर्णता की स्थिति (जारी/पूर्ण)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन /आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 20-12-2021 | 3750 | 3000 | 3000 | जारी |

*****